PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Navbharat Times, Delhi**
**Thursday 20th March 2014, Page: 20**
**Width: 4.32 cms, Height: 5.93 cms, a4, Ref: pmin.2014-03-20.28.124**

# एनालजिन का 'दर्द' अब हुआ खत्म

**वस, नई दिल्ली** : सरकार ने एनालजिन और इसके संयोग से दवाएं बनाने पर पर लगा बैन हटा दिया है। इस पेनकिलर पर पिछले साल जून में प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके साथ ही तब डायिबटीज की दवा पायोग्लिटाजोन और डिप्रेशन की दवा डीनजिट पर भी बैन लगाया गया था। सरकार के इस फैसले का काफी विरोध हुआ था।